अज अदालत लेण्ड रेकर्ड ऑफिसर (उपखण्ड अधिकारी) शिवगंज

पीठासीन अधिकारी डॉ.नरेश सोनी R.A.S

प्रार्थी — बनाम — अप्रार्थीगण

प्रतापराम पुत्र सवाराम सुथार
निवासी मणादर
तहसील शिवगंज

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार
शिवगंज

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राज.भू. राजस्व अधिनियम

राजस्व प्रार्थना पत्र–38 / 2022

–:आदेश:–

दिनांक 04.04.2023

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल. आर. एक्ट का में पेश किया जिसके अनुसार मौजा मनादर–1 पटवार हल्का मनादर–1 भू.अ.निरीक्षक क्षैत्र कैलाशनगर तहसील शिवगंज की जमाबन्दी संवत् 2073–2076 खाता संख्या 136 के खसरा नम्बर 1518 एंव 1530 किता दो कुल रकबा 2.2663 हैक्टयर भूमि आई हुई है जो कि राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी के नाम से खातेदारी दर्ज है। उक्त जमाबंदी के अनुसार प्रार्थी का नाम कुईयाराम पुत्र सवाराम सा. देह खातेदार दर्ज है जबकि प्रार्थी के अन्य सरकारी अथवा गैर सरकारी सभी दस्तावेजों जैसे– आधारकार्ड, राशनकार्ड, मतदान पहचान पत्र, बैंक खाता पासबुक में प्रार्थी का नाम प्रतापराम पुत्र सवाराम सुथार है। अतः प्रार्थी ने अपना नाम कुईयाराम की जगह प्रतापराम पुत्र सवाराम सुथार राजस्व रेकर्ड मे नाम दुरस्त करने हेतु प्रार्थना पत्र न्यायालय मे पेश किया गया है।

प्रार्थी द्वारा पेश प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर कर तहसीलदार शिवगंज से रिपोर्ट चाही गई जिस पर तहसीलदार शिवगंज की रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य दस्तावेजों एवं मौका जांच अनुसार ग्राम मनादर 1 जमाबंदी सवत् 2073–2076 नया खाता संख्या 179 खसरा संख्या 1518 एवं 1530 मे दर्ज नाम खातेदार कुईयाराम पुत्र सवाराम सुथार के स्थान पर प्रतापराम पुत्र सवाराम सुथार दुरस्त किये जाने की अनुशषा के जॉच रिपोर्ट पेश की है।

हमनें पत्रावली संलग्न दस्तावेजों एवं तहसीलदार शिवगंज की रिपोर्ट का अवलोकन किया। जिससे प्रथम दृष्टया मामला प्रार्थी के पक्ष मे बनने से दस्तोवजी साक्ष्य एवं तहसीलदार शिवगंज की जॉच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है।

अतः प्रार्थी की भूमि मौजा मनादर–1 पटवार हल्का मनादर–1 तहसील की राजस्व रेकर्ड अनुसार खसरा नम्बर 1518 व 1530 किता दो कुल रकबा 2.2663 हैक्टयर भूमि में दर्ज खातेदार कुईयाराम पुत्र सवाराम सुथार के स्थान पर प्रतापराम पुत्र सवाराम सुथार दुरस्त किये जाने आदेश दिया जाता है। तहसीलदार शिवगंज तद्नुसार पालना करें। निर्णय राजस्व लोक अदालत केम्प शिवगंज मे सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंम्बर से कम हो। आज दिनांक 04.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी, शिवगंज (राजस्थान)

(डॉ. नरेश सोनी R.A.S)
लैण्ड रेकर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)
उपखण्ड अधिकारी
शिवगंज (सिरोही)

प्रतिलिपि पालनार्थः–

1. तहसीलदार शिवगंज ।

क्रमांक 196
5/5/23

Signature Not Verified

Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2023.08.03 16:03:04 IST
Reason: SelfAttested

लैण्ड रेकर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)
उपखण्ड अधिकारी
शिवगंज (सिरोही)